'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 133 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए सोमवार, 29 जुलाई 2024 samachargate@gmail.com

विशेष अभियान के तहत 3, 4, 10 व 11 अगस्त को बूथ पर बैठकर वोट बनाएंगे बीएलओ : डीसी





## प्रदेश में वंचित पात्र लाभार्थियों को प्लाट देने के लिए जल्द लांच होगा नया पोर्टल : नायब सिंह सैनी

**मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र महर्षि वाल्मीकि आश्रम में वाल्मीकि धर्मशाला का किया शिलान्यास, आश्रम को 21 लाख रुपए की राशि व ई-लाइब्रेरी की दी सौगात**

**सांसद नवीन जिंदल ने 11 लाख की राशि व भव्य शेड का निर्माण करने की घोषणा**

**राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने संस्थान को 11 लाख रुपए देने की घोषणा, मंदिर का निर्माण भी करवाया जाएगा पूरा**



समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में वंचित पात्र लाभार्थियों को प्रदेश सरकार की तरफ से जल्द प्लाट की सौगात दी जाएगी। इस प्लाट के लिए प्रदेश के वंचित पात्र लाभार्थियों को पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इस नए पोर्टल को प्रदेश सरकार जल्द लांच करने जा रही हैं।

इस पोर्टल पर नए वंचित लाभार्थी सहजता से आवेदन कर सकेंगे और सभी पात्र लाभार्थियों को प्लॉट दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को देर सायं वाल्मीकि सभा एवं महर्षि वाल्मीकि आश्रम सोसायटी के तत्वाधान में आयोजित अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सांसद नवीन जिंदल, हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा, पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी ने वाल्मीकि धर्मशाला का शिलान्यास किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि के मंदिर में पूजा-अर्चना की और भगवान महर्षि वाल्मीकि को नमन किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने 60 सालों में देश की संस्कृति और संस्कारों को समाप्त करने का काम किया। इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की संस्कृति को संरक्षित करने के लिए पाकिस्तान तक करतारपुर कॉरिडोर बनाने, केदारनाथ तीर्थ, उज्जैन तीर्थ, सोमनाथ मंदिर, श्री हेमकुंड साहिब, अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण करवाया। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान महर्षि वाल्मीकि के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया और अयोध्या में भगवान श्री वाल्मीकि के नाम से हवाई अड्डे का नाम रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सपने को पूरा करते हुए धारा 370 को हटाने का काम किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र में रेल एलिवेटेड ट्रैक, इस्माईलाबाद से जयपुर तक एक्सप्रेस वे, गांव फतुपुर में देश के पहले श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय की परियोजना को अमलीजामा पहनाने का काम किया। इस विश्वविद्यालय के लिए अभी हाल में ही सरकार ने करोड़ों का बजट भी जारी किया है।

इस सरकार ने मथाना में केंद्रीय विद्यालय, रेलवे अंडर पास व ओवर ब्रिज, शाहबाद से साहा व इस्माईलाबाद से शाहबाद तक फोरलेन बनाने सहित अनेक परियोजनाओं की सौगात दी है। इसके अलावा सरकार ने बिना खर्ची और बिना पर्ची के सरकारी नौकरियां देने का काम किया। इतना ही नहीं सरकार ने 2 लाख 32 हजार बुजुर्गों को घर बैठे पेंशन का लाभ दिया।

इस अवसर पर बोलते हुए सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि वाल्मीकि समाज के साथ उनका 30 साल पुराना रिश्ता है, इसलिए इस समाज का प्रत्येक व्यक्ति आज सांसद बना है। इस समाज के साथ उनके पिता स्वर्गीय ओपी जिंदल का भी गहरा संबंध रहा है। इसलिए उनकी याद में 4 एकड़ में बने वाल्मीकि आश्रम व धर्मशाला का एक विशेष प्लानिंग के साथ विकास किया जाएगा तथा उनके पिता स्वर्गीय ओपी जिंदल की याद में एक भव्य शैड के साथ-साथ मंदिर का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा।

शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि वे वर्षों से वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ जुड़े हुए हैं। इसलिए इस समाज की एक-एक समस्या और मांग से पूरी तरह परिचित है। इस समाज की समय-समय पर हर संभव मदद की जाती है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। आज विपक्ष भी मानता है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ऐसे मुख्यमंत्री है, जो 24 घंटे प्रदेश की जनता की सेवा के लिए तत्पर हैं।

इस मौके पर पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी ने भी मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों का कार्यक्रम में पहुँचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बंता राम वाल्मीकि, सभा के अध्यक्ष जगीर सिंह, पूर्व विधायक ईश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बाजीगर कौम ने हमेशा धर्म की रक्षा करने का किया काम : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाजीगर समाज को 21 लाख रुपए देने की घोषणा की**

**सांसद नवीन जिंदल और राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने भी 11-11 लाख रुपये अनुदान राशि देने की घोषणा की**



समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बाजीगर कौम ने हमेशा धर्म की रक्षा करने का काम किया। इस समाज के लोगों ने धर्म की रक्षा करने के लिए घर और जमीन तक छोड़ दी, लेकिन कभी धर्म पर आंच नहीं आने दी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को ब्रह्मसरोवर के वीवीआईपी घाट पर बाजीगर समाज की तरफ से आयोजित अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सांसद नवीन जिंदल, राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने समाज द्वारा बनवाए गए मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाजीगर समाज की धर्मशाला के लिए 21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की है। इस अभिनंदन समारोह में पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, प्रधान नादर चंद, समाज सेवी छिंदा राम सहित समाज के गणमान्य लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा लक्खी शाह बंजारा ने धर्म की रक्षा के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। इस महान व्यक्ति ने गुरु तेग बहादुर जी के शीश को मुगलों से लोहा लेने के उपरांत अपने घर लाए और अपने घर पर अंतिम संस्कार किया। बाबा लक्खी शाह बंजारा ने मुगलों के आतंक की जरा भी परवाह नहीं की और धर्म की रक्षा के लिए हमेशा डटे रहे। आज बाबा लक्खी शाह बंजारा जैसे महान लोगों के दिखाए मार्ग पर चलने की जरूरत है। इस समाज का एक गौरवशाली इतिहास है। इतना ही नहीं बाबा लक्खी शाह बंजारा ने कुरुक्षेत्र के गांव ईशरगढ़ में भी बावड़ी बनाकर लोगों व राहगीरों की प्यास बुझाने का काम किया। यह सरकार इन महान लोगों के आदर्शों को अपनाकर जरूरतमंद और गरीब लोगों के लिए काम कर रही है।

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि बाबा लक्खी शाह बंजारा के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें समाज के लिए कार्य करना होगा। आज बदलते दौर में उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करके देश की सेवा करनी चाहिए। यह सरकार गरीब लोगों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिन-रात लोगों की सेवा में जुटे हुए है। हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि इस समाज का इतिहास बहुत प्राचीन है। यह एक बहादुर कौम है, इस कौम ने हमेशा समाज की सेवा में अग्रणी होकर कार्य किया है। इस समाज के लिए सरकार हमेशा सहयोग करेगी और इस समाज के लोगों के लिए ब्रह्मसरोवर के किनारे बने आश्रम और अन्य कार्यों के लिए हमेशा सहयोग किया है।

पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने मेहमानों का स्वागत करते हुए समाज के लोगों द्वारा किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला और समाज के लोगों की मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए कहा कि यह समाज हमेशा समाज सेवा में अग्रणी होकर कार्य करता है और आने वाले समय में समाज के लोग मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हाथों को और मजबूत करने का काम करेंगे। इस मौके पर प्रधान नादर चंद तथा समाजसेवी छिंदा राम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर निशानेबाज मनु भाकर को दी बधाई

समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पेरिस ओलंपिक-2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल करने पर विख्यात निशानेबाज मनु भाकर को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने मनु भाकर के उल्लेखनीय प्रदर्शन और ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि मनु भाकर की इस उपलब्धि से प्रदेश और देश बहुत गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने मनु भाकर के समर्पण, कड़ी मेहनत और दृढ़ता की प्रशंसा की, जिसके कारण वह वैश्विक मंच पर यह प्रतिष्ठित उपलब्धि हासिल करने में सफल रही। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मनु भाकर की सफलता उनकी असाधारण प्रतिभा और अथक प्रयास का प्रमाण है। उन्होंने न केवल हरियाणा को गौरवान्वित किया है, बल्कि देश भर के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण भी पेश किया है। हमें विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे और राज्य और देश को और अधिक सम्मान दिलाएंगे। मुख्यमंत्री ने चल रहे पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले हरियाणा के सभी एथलीटों को भी बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सभी खिलाडी



अपना बेहतरीन प्रदर्शन करना जारी रखेंगे और भारत के लिए और अधिक पदक जीतेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हरियाणा में खेल प्रतिभाओं को समर्थन और पोषण देने के लिए कई पहल और नीतियां लागू की हैं। हम अपने खिलाडियों को उनकी पूरी क्षमता हासिल करने में मदद करने के लिए सर्वोत्तम सुविधाएं, प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। मुख्यमंत्री ने हरियाणा में एक मजबूत खेल बुनियादी ढांचा बनाने और खेल भावना और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपनी सरकार के संकल्प को दोहराया और कहा कि हम अपने एथलीटों को सशक्त बनाने में विश्वास करते हैं। उनके समग्र विकास के लिए यह सुनिश्चित करते हुए कि उन्हें उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन प्राप्त हों, वर्तमान राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में रोहतक के हथकरघा उद्योग का किया उल्लेख

समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण के लिए हरियाणा सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य न केवल महिलाओं को समान अवसर प्रदान करना है, बल्कि उन्हें आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाना भी है। महिलाओं के लिए समानता, पंचायती राज संस्थाओं में 50 फीसदी आरक्षण, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के माध्यम से उत्थान और लिंगानुपात में सुधार के लिए उठाए गए कदमों ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। हरियाणा सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज प्रदेश की महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में शानदार काम करके समाज और प्रदेश की उन्नति में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। चाहे वह कृषि हो, उद्योग हो, शिक्षा हो, या खेल, हरियाणा की महिलाएं अपने कठिन





परिश्रम और समर्पण से नित नए आयाम स्थापित कर रही हैं।

कई महिलाएं स्वयं-सहायता समूहों में शामिल होकर अपना सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। हथकरघा उद्योग, सिलाई, कढ़ाई और अन्य हस्तशिल्प कार्यों में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है। इस बात की तस्दीक खुद देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात में की है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के रोहतक जिले के हथकरघा उद्योग का उल्लेख किया। उन्होंने विशेष रूप से उन्नति सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं की प्रशंसा की, जिन्होंने अपने कठिन परिश्रम और समर्पण से आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि उन्नति सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी 250 से अधिक महिलाएं अब ब्लॉक प्रिंटिंग और रंगाई के क्षेत्र में प्रशिक्षित हो चुकी हैं। इस प्रशिक्षण ने न केवल उनके कौशल को निखारा है बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से भी सशक्त बनाया है। ये महिलाएं कपड़ों पर रंगों का जादू बिखेरते हुए न केवल अपने परिवारों का भरण-पोषण कर रही हैं, बल्कि समाज में भी एक प्रेरणा का स्रोत बन रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे इन महिलाओं ने अपने आत्मविश्वास और मेहनत से एक नई पहचान बनाई है।

उनके इस प्रयास ने यह साबित कर दिया है कि अगर महिलाएं संगठित होकर काम करें तो वे किसी भी चुनौती को पार कर सकती हैं और आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि उन्नति सेल्फ हेल्प ग्रुप का यह प्रयास न केवल हथकरघा उद्योग को बढ़ावा दे रहा है बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक योगदान दे रहा है। प्रधानमंत्री ने देशभर के अन्य जिलों की महिलाओं को भी प्रेरित करते हुए कहा कि वे भी इस तरह के समूहों में शामिल होकर अपने जीवन में बदलाव ला सकती हैं।

## दीपेंद्र हुड्डा 31 को शुरू करेंगे हरियाणा मांगे हिसाब अभियान का दूसरा चरण

**31 जुलाई को शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर शाहाबाद विधानसभा से इस अभियान का होगा श्रीगणेश**



समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत 31 जुलाई को शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर दोपहर बाद शाहाबाद विधानसभा से करेंगे। पहले दिन 31 जुलाई को वे अंबाला के सिरसगढ़ से संत गुरु रविदास धर्म अस्थान के 21वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

प्रथम चरण में मिले अपार जनसमर्थन से उत्साहित सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने हरियाणा मांगे हिसाब अभियान का 30 अगस्त तक 56 विधानसभाओं में पहुंचने का तूफानी कार्यक्रम जारी किया।

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने पहले चरण में 15 जुलाई से 21 जुलाई तक कुल 13 हलकों में पदयात्रा, जनसभा कर भाजपा सरकार के 10 साल के कुशासन के खिलाफ जनता के सवालों का जवाब और हिसाब मांगा। लेकिन भाजपा सरकार ने आज तक किसी भी सवाल का कोई जवाब नहीं दिया। इस अभियान के तहत भाजपा के कुशासन, 10 साल की विफलताओं पर घेरते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी 15 सवालों की चार्जशीट पर बीजेपी सरकार से जवाब मांगते हुए पूछा कि देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हरियाणा में क्यों है? बीजेपी की केंद्र सरकार ने हरियाणा को देश का सबसे असुरक्षित राज्य क्यों कहा? घर-घर तक कैसे पहुंचा नशा व ड्रग्स का काला साम्राज्य? देश में सर्वाधिक महंगाई हरियाणा में क्यों? भ्रष्टाचार के जनक व जनता के जी का जंजाल क्यों बने सरकारी पोर्टल व आईडी? चार्जशीट में सवाल पूछा गया है कि भाजपा के 10 साल में हजारों करोड़ के 50 से ज्यादा बड़े घोटाले क्यों? भाजपा काल क्यों बना किसानों का काल? भाजपा ने दलितों और पिछड़े वर्ग की घोर उपेक्षा क्यों की? अग्निपथ और कौशल निगम के जरिए क्यों खत्म की पक्की नौकरियां? हर वर्ग पर लाठी और गोलियां क्यों बरसाई? इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को शून्य पर क्यों लेकर आई बीजेपी? बीजेपी ने 2014 और 2019 की चुनावी घोषणाएं क्यों पूरी नहीं की? बीजेपी ने स्वास्थ्य सेवाओं का दिवालिया क्यों पीटा? बीजेपी ने प्रदेश के शिक्षा तंत्र को बर्बाद क्यों किया? बीजेपी ने देश की सबसे विकसित अर्थव्यवस्था को चौपट क्यों किया?

## जयहिंद बोले— मेरी तरफ से मनु को इनाम में 21 किलो गाय का देशी घी देंगे

**मनु भाकर के पिता से की जयहिन्द ने फोन पर बात करके मैडल जीतने पर दी बधाई**

**देश और प्रदेश के युवाओं के लिए मनु बनी रोल मॉडल : जयहिंद**

**ट्वीट कर कल ही जयहिंद ने कर दी थी मनु के मैडल जीतने की भविष्यवाणी**



समाचार गेट/ब्यूरो

**रोहतक।** जयहिंद सेना सुप्रीमो नवीन जयहिंद ने शूटिंग में मनु भाकर के ब्रांज मैडल लाने पर बधाई दी। साथ में मनु के पिता से फ़ोन पर बात कर उन्हें भी बधाई दी। जयहिंद बोले मेरी तरफ़ से मनु को इनाम 21 किलो गाय का देशी घी देंगे साथ ही जयहिंद ने मनु भाकर की जीत की खुशी में तंबू में लड्डू बाटकर खुशी मनाई वही जयहिंद ने एक दिन पहले ही ट्वीट कर कह दिया था की प्रदेश की बेटी मनु मैडल जरूर जीतेंगी और आज ब्रॉज मैडल जीत भारत का खाता भी खोला। जयहिंद ने कहा कि ये बड़े गौरव की बात है कि प्रदेश की बेटी ने मैडल ला कर न सिर्फ़ प्रदेश बल्कि देश का नाम भी रोशन किया है। विश्व पटल पर लहराता हुआ तिरंगा मनु की मेहनत को बयान कर रहा है। आज प्रदेश की लाखों बेटियों को एक और नई प्रेरणा मिली है।

जयहिंद ने वही युवाओं को भी सीख देते हुए कहा कि रील मॉडल नहीं समाज में रोल मॉडल बने। आज भाग दौड़ भरी ज़िंदगी में खेलों का महत्व और भी अधिक हो गया है। खेल के मैदान में भी युवा अपना दम खम दिखाए।

जयहिंद ने युवाओ को मनु से प्रेरणा लेने बारे सुझाव दिया और कहा की जिस तरह से मनु ने बताया की निशाना लगाते समय भी मेरे दिमाग में गीता का पाठ चल रहा था जिसके चलते ही मुझे जीत हासिल हुई हैं युवाओं को भी रील दुनिया छोड़कर अपने जीत पर निशाने लगाते हुए जीवन का लक्ष्य बनाना चाहिए वही जयहिंद ने पिछले दिनों ही अपने ट्विटर अकाउंट पर मनु भाकर के चुनाव जीतने की भविष्यवाणी कर दी और ट्वीट करते हुए लिखा था मनु छोरी देश के लिए मैडल जरूर लाएगी और देश का नाम रोशन करेंगी आज मनु भाकर द्वारा निशाना लगाते ही जयहिंद की भविष्यवाणी भी सच साबित हुई

# टीजीटी भर्ती परिणाम भाजपा की नीति व सोच को दर्शाता है : नरेंद्र पटेल







समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** गत दिवस हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी किए गए टीजीटी भर्ती परीक्षा परिणाम से जहां सभी चयनित विद्यार्थियों व उनके परिवार में उत्सव उमंग है, वहीं भाजपा पार्टी भी इन भर्तियों को लेकर उत्साहित है । परिणाम जारी होने से जहां 7471 अभ्यर्थियों के घर में खुशी का माहौल है वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं में भी एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है – यह कहते हुए जिला अध्यक्ष भाजपा नरेंद्र पटेल ने कहा कि यह परिणाम भाजपा की नीति व सोच को दर्शाता है । जहां विपक्ष आए दिन हरियाणा की जनता को भ्रमित करने में लगा हुआ है, नौजवानों के साथ खिलवाड़ करने में लगा हुआ है, उनको भड़काने में लगा हुआ है, वहीं भाजपा सरकार अपनी नीति –बिना खर्ची, बिना पर्ची रोजगार देने में निरंतर लगी हुई है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरकार ने 7471 अभ्यर्थियों को टीजीटी नियुक्त किया है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में जिन भी अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, उनसे किसी से किसी भी प्रकार की खर्ची पर्ची लिए बिना योग्यता के आधार पर सभी को नौकरी प्रदान की गई है । नरेंद्र पटेल के अनुसार भाजपा सरकार अभी और भी आगे बहुत भर्ती करेगी और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मुहैया कराएगी । नरेंद्र पटेल ने कहा कि जहां इस नौकरी में बिना खर्ची पर्ची के अभ्यर्थियों का चयन किया गया है, वहीं कांग्रेस के हुड्डा सरकार के समय में जो क्षेत्रवाद किया जाता था उसको भी चकनाचूर किया गया है। आज भाजपा चाहे विकास का मामला हो ,चाहे नौकरियों का मामला हो क्षेत्रवाद को दूर रखकर एक समान विकास के नजरिया से सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के नारे पर काम करती है। यही वजह है कि सैकड़ो नौजवान मेवात से भी इस भर्ती में चयनित हुए हैं । उनके साथ प्रदेश सदस्य कार्यकारिणी बीजेपी हरियाणा एवं जिला नूह के वरिष्ठ नेता जाहिद हुसैन चेयरमैन ने इस मौके पर खुशी जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने कभी क्षेत्रवाद की बात नहीं की, उन्होंने मेवात को भी अन्य जिलों के समान विकास में बढ़ावा दिया। पूर्व के मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल जी हों, चाहे वर्तमान में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी सभी का मेवात से विशेष लगाव है। कभी भी मेवात ने मुख्यमंत्री जी से कुछ मांगा हो मुख्यमंत्री जी ने कभी मेवात के लोगों से ना नहीं किया। जहां नौकरियों की बात आती है अब से पहले भी भाजपा सरकार में हुई भर्तियों से मेवात की झोली खाली नहीं रही । योग्यता के आधार पर ऐसे ऐसे घरों में नौकरियां दी गई जो स्वयं कभी नौकरी के बारे में नहीं सोच सकते थे ,क्योंकि इससे पहले कांग्रेस सरकार में खर्च और पर्ची का राज होता था ।मेवात में जिस परिवार की राजनीतिक पहुंच होती थी या पैसा खर्च करने का मादा होता था ,उनको ही नौकरियां मिल पाती थी । किंतु आज भाजपा सरकार ने इस परिपाटी को पूरी तरह खत्म कर दिया है ।आज गरीब हो या अमीर किसी के भी बच्चे को नौकरी मिल सकती है उसकी योग्यता के आधार पर । जाहिद हुसैन चेयरमैन ने कहा इससे पहले हुई भर्तियों में भी मेवात से 27 जे ई बिना खर्ची पर्ची बिना 1 खर्च किए माननीय मनोहर लाल के कार्यकाल में नियुक्त हुए थे ।और आज इस परिणाम में साकरस गांव के एक ही परिवार से एक ही घर के तीन बच्चे चयनित हुए हैं यह एक बहुत बड़ी मिसाल है। मेवात के बच्चों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है ,योग्यताओं की कोई कमी नहीं है ,किंतु कांग्रेस की सरकार में उनकी योग्यता दम तोड़ देती थी क्योंकि उनके परिवार के पास नौकरी के लिए देने के लिए ना पैसा था ना राजनीतिक पहुंच । आज मेवात के लोग यह बात फक्र के साथ रहते हैं कि भाजपा सरकार में नौकरी सिर्फ योग्यता के आधार पर मिलती है।

भाजपा जिला प्रभारी समय सिंह भाटी ने मान्य मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी शीर्ष नेतृत्व का इस जारी किए गए परिणामों के लिए धन्यवाद किया और सभी मेवात के नियुक्त हुए अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी और साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं को आने वाले चुनाव के लिए अभी से जुट जाने के आह्वान किया। समय सिंह भाटी ने कहा की जनता स्वयं देख रही है कि भाजपा सरकार विकास की सोच रखने वाली सरकार है, भाजपा सरकार बिना खर्ची पर्ची के नौकरी देने वाली सरकार है ,भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास करने वाली सरकार है ,भाजपा सरकार गरीबों की सरकार है, भाजपा सरकार किसानों की सरकार है, भाजपा सरकार साधारण व्यक्ति की सरकार है ,भाजपा सरकार योग्य व्यक्ति को आगे लाने वाली सरकार है। समय सिंह भाटी ने कहा कि विपक्ष के पास आज के समय में कोई मुद्दा नहीं है, उनके पास आज एक ही काम रह गया है की तथ्यहीन बात करके लोगों को भड़काया जाए ताकि चुनाव में उन्हें इसका फायदा मिल जाए। मेवात की जनता को धर्म जाति के नाम पर डरा कर, लडाकर उनके वोटो को हड़पना चाहती है, किंतु उन नेताओं के जान लेना चाहिए की मेवात की प्रतिभावान जनता प्रतिभावान युवा अब जागरुक हो चुका है, अपना भला बुरा अच्छे से सोचने समझने की ताकत रखता है । इसलिए आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा मेवात में भी कमल का फूल खिलाएगी और हरियाणा में तीसरी बार फिर पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी । इस मौके पर जिला महामंत्री शिवकुमार आर्य, श्रीपाल शर्मा , रमेश मानवास ,वीरपाल कालियाका, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, जिला मीडिया प्रभारी गौरव जैन ,नवीन यादव मंडल अध्यक्ष हेमराज शर्मा सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेतागण मौजूद थे।

# बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत पूर्व चेयरमैन ने मतदाताओं से की मुलाकात



**30 साल से भाजपा का सच्चा सिपाही हूं,इस बार टिकट देगी पार्टी: औरंगजेब**

**पुन्हाना विधानसभा से पूर्ण बहुतम से चुनाव जीतकर पार्टी को करूंगा मजबूत: चेयरमैन**

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** विधानसभा चुनावों को देखते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने अब जमीनी पर अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। जो कमियां लोकसभा चुनावों में रह गई थी उन सभी को दुरुस्त करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रत्येक बूथों में जाकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर लक्ष्य तय कर रहे हैं। रविवार को हरियाणा हज कमेटी के पूर्व चेयरमैन औरंगजेब पुन्हाना विधानसभा के गांव बिछोर पहुंचे,जहां उन्होंने न केवल प्रत्येक बूथ को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया बल्कि मतदाताओं को भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया। इस दौरान ग्रामीणों ने पूर्व चेयरमैन का फूलमालाओं और पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। भाजपा नेता ने कहा कि उन्हें बूथ सशक्तिकरण की जिम्मेदारी पार्टी द्वारा दी गई है,उसी को लेकर उन्होंने गांव का दौरा कर लोगों से बाते की हैं। पूर्व चेयरमैन औरंगजेब ने कहा कि लोकसभा चुनावों में मेवात से भाजपा पार्टी को काफी कम वोट मिली है,कम वोट मिलने की क्या वजह रही,इस बात को लेकर गांव के बुद्धिजीवी लोगों से बातचीत की गई। उन्होंने कहा कि वह लगातार भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत करा कर मेवात में वोट प्रतिशत बढ़ाने की पूर्ण कोशिश कर रहे हैं। औरंगजेब ने कहा कि वह 13 सितंबर 1994 में पुन्हाना में आयोजित अटल बिहारी वाजपेई की रैली के दौरान भाजपा पार्टी में शामिल हुए थे। तब से अब तक वह पार्टी के साथ काम कर रहे है । उन्होंने कहा कि वह भाजपा के सच्चे सिपाही हैं। विधानसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर उन्हें पुन्हाना विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी ने टिकट दिया तो वह जरूर चुनाव लड़ेंगे और पूर्ण बहुमत से चुनाव जीतकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। पहले नेताओं ने पुन्हाना विधानसभा की जनता को केवल वोट के लिए इस्तमाल किया है। अगर उन्हें जनता की सेवा करने का मौका मिला तो न केवल विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी बल्कि पिछले नेताओं द्वारा पुन्हाना विधानसभा पर लगाए गए पिछड़ेपन के कलंक को भी मिटाया जाएगा।

# डंपिंग स्टेशन के विरोध में इंडरी गांव में हुई महापंचायत



**महापंचायत में इंडरी उप तहसील के 50 गांव के लोग हुए शामिल**

**महापंचायत का फैसला गुरुवार को डीसी को दिया जाएगा ज्ञापन**

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** जिला के इंडरी क्षेत्र में बनने वाले डॉपिंग स्टेशन का विरोध बढ़ता जा रहा है। एक और गुरूग्राम प्रशासन इंडरी की 20 एकड़ भूमि में डॉपिंग स्टेशन बनाने की तैयारी में है तो दूसरी और इंडरी क्षेत्र के लोग इसके विरोध में खड़े हो गए है। आज रविवार को इंडरी क्षेत्र के लोगों ने एक बड़ी महापंचायत की जिसमें डॉपिंग स्टेशन का विरोध किया गया। इंडरी गांव की महापंचायत दीपचंद सरपंच अध्यक्ष 44 गांव की अध्यक्षता में हुई।

इस मौके पर नूंह विधायक व पूर्व मंत्री आफताब अहमद, पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान, गांव खेड़ा खलीलपुर निवासी पूर्व चेयरमैन बल्ला खटाना, योगेश शर्मा हिलालपुरिया, नत्थूराम गुर्जर, योगेश तंवर पार्षद, तैय्यब हुसैन घासेड़िया, ब्रह्मानंद सरपंच पिता इंडरी, रमेश मानूबाश,रामकिशन भगतजी छपेड़ा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने महापंचायत में सर्वसम्मति से एक कमेटी का गठन किया गया इसके बाद कमेटी के द्वारा फैसला लिया गया कि किसी भी हालत में इंडरी गांव में प्रस्तावित डॉपिंग यार्ड को बने नहीं दिया जाएगा इसके लिए चाहे कितनी भी लंबी लड़ाई क्यों ना लड़नी पड़े इसके लिए सभी लोग तैयार हैं तथा बृहस्पतिवार को नूंह जिले के डीसी को इंडरी गांव व आसपास की सभी ग्राम पंचायत की तरफ से एक लिखित में ज्ञापन सौंपा जाएगा। महापंचायत में आए लोगों का कहना है कि हमें डॉपिंग स्टेशन नहीं चाहिए सरकार इसे चाहे कहीं और जगह पर लगाए। हमें शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जरूरत है। वह किसी भी हालात में नूंह जिला में गुरुग्राम जिले के कूड़े को नहीं डालने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नूंह जिला को गंदगी का पहाड़ देना सरकार की गंदी मानसिकता को उजागर करता है। गुरुग्राम की गंदगी मेवात में किसी भी सूरत में नहीं डालने दिया जाएगा। उन्होंने सरकार व प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर सरकार ने यहां पर कूड़ा डालने की पेशकश कि तो ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। हर हाल में सरकार का विरोध किया जाएगा। आज नूंह सहित इंडरी क्षेत्र को विकास की जरूरत है लेकिन सरकार की मानसिकता बहुत खराब हो चुकी है। इससे यहां का पर्यावरण खराब होगा।

# कन्डेरे समाज ने कैबिनेट मंत्री के नेतृत्व में भाजपा का दामन थामा



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** कन्डेरे समाज ने आज भाजपा में आस्था जताते हुए आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के सेक्टर-8 कार्यालय पर पहुंचकर सभी ने भाजपा का दामन थाम है और पूरी निष्ठा के साथ भविष्य के चुनावों में भाजपा का साथ देने की घोषणा की है। कन्डेरे समाज फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार कन्डेरे और कन्डेरे समाज के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष बालकिशन के नेतृत्व में बल्लभगढ़ व फरीदाबाद के सभी कन्डेरे समाज के गणमान्य लोगों ने भाजपा का पटका पहनकर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के साथ रहने का वायदा किया और भविष्य के चुनाव में पूरी मेहनत कर उन्हें रिकॉर्ड तोड़ जीत दिलाने में मदद करेंगे। फरीदाबाद जिला अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार कन्डेरे ने कहा कि भाजपा ही सभी को साथ लेकर विकास करने का कार्य करती है इसलिए वह भाजपा की रीति और नीति को देखते हुए भाजपा में शामिल हुए। कन्डेरे समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बालकिशन ने कहा कि उनकी आस्था पहले भी भाजपा में रही है और आगे भी भाजपा के साथ रहने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के दिशा-निर्देशों पर कार्य करेंगे।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने भाजपा में शामिल हुए सभी समाज के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह उन्हें हमेशा गले से लगाकर आगे बढ़ेंगे और उन्हें समाज के किसी भी कार्य के लिए हमेशा साथ रहेंगे। इस अवसर पर बृजमोहन कन्डेरे, सुरेश चंद कन्डेरे, राजेंद्र कन्डेरे, पप्पू कन्डेरे, राम भरोशी, मानक चंद, राम प्रकाश,प्रमोद, जगदीश, मोहन कन्डेरे, लटूर सिंह, हरिओम कन्डेरे, रामकिशन कन्डेरे, अशोक नागर एवं बल्लभगढ़ और फरीदाबाद के कई सम्मानित समाज बंधु भी शामिल रहे।

# लायंस क्लब फरीदाबाद डैफोडिल ने फीड फॉर हंगर कार्यक्रम का आयोजन किया

**परमात्मा ने हमें योग्य बनाया है इसलिए हमें भूखे व जरूरतमंद लोगों को भोजन अवश्य करवाना चाहिए।**



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** लायंस क्लब डैफोडिल द्वारा सैक्टर-14 स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर सेक्टर-14 में फीड फॉर हंगर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों को भोजन करवाया गया। इस मौके पर डैफोडिल क्लब के अध्यक्ष लॉयन योगिन्दर सिंह ने कहा कि अगर आप सौ लोगों को खाना नहीं खिला सकते तो एक को ही खिलाओ। परमात्मा ने हमें योग्य बनाया है इसलिए हमें भूखे व जरूरतमंद लोगों को भोजन अवश्य करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों लोगों के लिए लॉयस क्लब ऐसे भण्डारे लगाती रहती है। इस मौके पर डैफोडिल क्लब के अध्यक्ष लॉयन योगिन्दर सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह व बुक्के देकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रोजेक्ट चेयरमैन एवं पूर्व अध्यक्ष लॉयन अर्णव भनोट, लॉयन पीएमजेएफ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल अरोड़ा, राजेन्द्र कुमार क्लब सैकेट्री, सतीश गोयल कोषाध्यक्ष, डायेक्टर लॉयन सुरेश शर्मा, लायन एडवोकेट विवेक बंसल, लायन सुमित मित्तल विशेष रूप से मौजूद रहे।

प्रोजेक्ट चेयरमैन एवं पूर्व अध्यक्ष लॉयन अर्णव भनोट ने कहा कि जरूरतमंद लोग जिन्हे खाना नसीब नहीं होता या फिर वह लोग जो मजदूरी या फिर दिहाड़ीदार होते है ऐसे लोगो को लायंस क्लब सदैव ही इस तरह के कार्य करती रहती है। लॉयन अनिल अरोड़ा गवर्नर डिस्ट्रिक्ट ने कहा कि किसी भूखे को खाना खिलाना काम है हर इंसान को अपनी सामर्थ्य के अनुसार वंचित लोगों की मदद करनी चाहिये। आज के इस कार्यक्रम के लिए में लायंस क्लब फरीदाबाद डैफोडिल को बधाई देता हूं।

# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड को राष्ट्रीय स्तर का सर्वोच्च अवार्ड मिलने पर प्रधान प्रदीप गुप्ता ने जाहिर की खुशी



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के इतिहास में ऐसा पहली बार बोर्ड को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित सर्वोच्च स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस मौके पर इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप गुप्ता ने खुशी जाहिर कर बताया कि जब से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार डॉ वीपी यादव ने संभाला है जब से हरियाणा के स्कूल दिन-दोगुनी रात-चौगुनी उन्नति कर रहे हैं। क्योंकि उन्होंने स्कूलों में नकल पर रोक लगने से प्रतिभाशाली छात्रों की संख्या मे बढ़ोतरी देखने को मिली। स्कूलों में शिक्षा के लिए डिजिटाइजेशन को बढ़ावा दिया गया।

स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीकी को बढ़ावा दिया गया। स्कूलों में सामाजिक ज्ञान को बढ़ावा दिया गया। स्कूलो के बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम को महीने भर में घोषित करके एक नया आयाम स्थापित हुआ। जिससे छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बहुत बड़ा सहयोग मिला।

इसी के साथ प्रधान प्रदीप गुप्ता ने सर्वोच्च स्कॉच अवार्ड के लिए सरकार का धन्यवाद किया व साथ ही साथ अध्यक्ष वी पी यादव के नेतृत्व में हरियाणा के स्कूलो की तरक्की के लिए भरोसा भी जताया है। श्री गुप्ता ने कहा कि हरियाणा के स्कूलों की समस्या को लेकर जब-जब स्कूल संचालक अध्यक्ष श्री यादव के पास गए है वह हमेशा हमारे सहयोग मे खडे मिले है। इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की ओर से प्रधान प्रदीप गुप्ता ने सरकार का वी पी यादव को हरियाणा शिक्षा बोर्ड का चेयरमैन बनाने के लिए भी आभार जताया है। इसके साथ ही प्रधान प्रदीप गुप्ता की टीम में प्राइवेट स्कूलों की देखरेख समिति के अध्यक्ष व ज्ञानदीप पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेयरमैन मानव शर्मा ने भी इस अवार्ड के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया है।

# कर्मचारी भोजन अवकाश के समय निगम कार्यालय पर काले झण्डे व उल्टी झाड़ू कर प्रदर्शन करेगें: शास्त्री

समाचार गेट/ब्यूरो



**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के आह्वान पर कल सोमवार 29 जुलाई को नगर निगम के सभी विभागों के कर्मचारी भोजन अवकाश के समय निगम कार्यालय पर जोरदार काले झंडे और उल्टी झाड़ू के साथ प्रदर्शन करते हुए निगम आयुक्त ए.मोना श्रीनिवासन को हड़ताल का नोटिस देंगे। यह ऐलान आज प्रेस को ब्यान जारी करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व संघ के जिला प्रधान दिलीप सिंह बोहत जिला सचिव अनिल चिंडालिया व सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरु चरण खांडिया ने किया। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि संघ ने 21 व 22 अगस्त को दो दिवसीय हड़ताल करने का निर्णय लिया है। इस हड़ताल में 11 निगमों, 22 नगर परिषदों, 60 नगरपालिकाओं एवं 89 दमकल केंद्रों के 50 हजार से ज्यादा कर्मचारी भाग लेंगे। श्री शास्त्री ने कहा कि हड़ताल पर जाने से पहले संघ 5 अगस्त से 9 अगस्त तक शहर-शहर जाकर कर्मचारियों में जनसंपर्क अभियान चलाएगा। जनसंपर्क अभियान की सफलता के लिए संघ ने वरिष्ठ नेताओं की आधा दर्जन से ज्यादा नेताओं की टीम गठित की है जो कर्मचारियों के बीच जाकर हड़ताल को सफल बनाने की अपील करेंगे। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त व 13 अगस्त को गेट मीटिंग एवं रोष प्रदर्शन करते हुए नपा0 कर्म0 संघ हरियाणा सरकार के सफाई कर्मचारियों के प्रति उपेक्षापूर्ण एवं उत्पीडन आत्मक की गई कार्यवाहियों एवं शोषण के खिलाफ सरकार के दलित एवं कर्मचारी विरोधी चेहरे को जनता में बेनकाब करेगा। इसके बाद 20 अगस्त को मशाल जुलूस निकालकर हड़ताल के प्रति एक जुटता प्रगट की जाएगी।

# गैस्ट टीचरों ने किया शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा के निवास का घेराव



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** जिले के गैस्ट टीचर शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा के निवास स्थान पर विरोध प्रर्दशन करते हुए पहुंचे और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

विदित हो दस वर्ष पहले 2014 में हरियाणा की भाजपा सरकार ने गैस्ट टीचर को नियमित करने का वायदा किया था कि हरियाणा में सरकार बनते ही गैस्ट टीचर को 2005 से ही नियमित किया जाएगा। यह बात हरियाणा के गैस्ट टीचर को लिखित में भी दी गई। भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा-पत्र में भी शामिल किया। अब 10 वर्ष बीतने के बाद भी वायदा अधूरा है। इससे सरकार की कथनी और करनी में दिन-रात का अन्तर नजर आता है। भाजपा सरकार ने गैस्ट टीचर को कभी पक्का करना, समान व वेतन देना, मैडिकल सुविधा, ग्रेच्यूटी, सेवानिवृति लाभ, गैस्ट टीचर की विधवा को नौकरी ऐसी विभिन्न घोषणाएं की गई जोकि सभी अधूरी हैं। सरकार द्वारा अखबारों में भी अनेकों बार घोषणा की गई, लेकिन सभी खबर घोषणा मात्र रही। हरियाणा सरकार ने गैस्ट टीचर को नियमित करना तो दूर इनके बदले गैस्ट टीचर को आमरन-अनशन जैसे बड़े आंदोलन करने पड़े। जिससे गैस्ट टीचर आज आहत है और सरकार के प्रति आक्रोशित है।

हरियाणा राजकीय अतिथि अध्यापक कमेटी के राज्य कमेटी के सदस्य रघु वत्स ने बताया कि भाजपा सरकार की बार-बार की वादा खिलाफी के कारण प्रदेभर के गैस्ट टीचर ने सभी के मंत्रियों के आवास पर जोरदार प्रदर्शन कर आज ज्ञापन दिए हैं। इसी क्रम में आज शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा को भी ज्ञापन दिया गया है। अब गैस्ट टीचर 4 अगस्त को मुख्यमंत्री के शहर करनाल में वादा निभाओ आक्रोश रैली करने जा रहे हैं। हरियाणा सरकार समय रहते गैस्ट टीचर को नियमित करे, अन्यथा सरकार को गम्भीर परिणाम भुगतने होंगे। इस अवसर पर जिला संयोजक ईनामी सिंह तेवतिया, पलवल जिला प्रधान चन्द्रवीर कुण्डु, भागीरथ शास्त्री, सुन्दर भड़ाना, वीरेंद्र कुमार, विनोद भाटी, गोपाल शास्त्री, महेन्द्र देशवाल, अनुज, चन्द्रप्रकाश, गोपाल रावत, श्याम राज, रणवीर शास्त्री, रविन्द्र, राज कुमार, हरिश तेवतिया, कुलदीप, बीरपाल नागर, अनील, सतीश रावत, टीकाराम, नीरज, करण, दया रानी, सरला देवी, एकता, मुनेश, अंजु, सुमन, मंजू रानी, इत्यादि गैस्ट टीचर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति अभियान के साथ पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दे रहे हैं अशोक वर्मा

**एडीजीपी ओपी सिंह द्वारा हृदय परिवर्तन के साथ युवाओं में सकारात्मक सोच का सृजन प्रभावशाली सिद्ध हो रहा है**



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** आज प्रदुषण की समस्या से निपटने के लिए न केवल अधिक से अधिक पौधे रोपित करने की आवश्यकता है अपितु हमें पर्यावरण प्रेमी भी बनना होगा। लोग क्या कहेंगे, क्या सोचेंगे इस बात को अनदेखा करके हमें थोड़ा अपने दैनिक जीवन में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है।

ये शब्द हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने कहे। वे आज फरीदबाद की सड़कों पर साइकिल पर सवार होकर घुम रहे थे। हरियाणा के विभिन्न जिलों में भीड़ से अलग नशा मुक्त अभियान को लेकर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ पुलिस उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा साइकिल पर चलते हैं। लोग उन्हें देखकर उनकी प्रशंसा करते हैं और अनेक लोगों ने उनसे प्रेरणा लेकर साइकिल पर चलने का निर्णय भी लिया है। नशे के विरुद्ध दिन रात कार्य करने वाले हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ अशोक कुमार वर्मा को सेंट एंथोनी सेकेंडरी स्कूल फरीदाबाद में नशे के विरुद्ध व्याख्यान के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। विद्यालय की प्राचार्या प्रसन्ना और प्रबंधक अम्बिका ने उनका विद्यालय में पहुँचने पर पौधा देकर स्वागत किया और कार्यक्रम के अंत में स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में नशे के विरुद्ध व्याख्यान प्रस्तुत किया गया जिसमें 480 विद्यार्थियों और 18 शिक्षकों ने भाग लिया। वे नशे के अपराध को समूल नष्ट करने के लिए हृदय परिवर्तन की विचारधारा के साथ युवाओं में सकारात्मक सोच का सृजन करने का एक साहसिक प्रयास कर रहे हैं जिसके सकारात्मक परिणाम हमारे सामने हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ साइबर अपराध पर भी चर्चा की। उन्हें ब्यूरो द्वारा बनाया गया गाना म्हारा हरियाणा नशा तै बचा कै रखियो न यो चिट्टा खा जगा या है काली नागनी भी दिखाया गया। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गयी। विद्यालय की प्राचार्या प्रसन्ना और प्रबंधक अम्बिका ने डॉ अशोक का धन्यवाद किया और साइकिल का साधन अपनाने की उनकी इस कार्य की सराहना की।

# नगेन्द्र भड़ाना ने खोला चुनाव कार्यालय, कार्यकर्ताओं ने दिया जीत का भरोसा



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** एनआईटी 86 से पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना ने भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन 17 नंबर चुंगी के पास डबुआ कॉलोनी में किया। इस अवसर पर सैंकड़ की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज की एवं नगेन्द्र भड़ाना को विश्वास दिलाया कि वह उनको रिकार्ड बहुमत से जीत दिलाएंगे।

जानकारी के लिए बता दें कि नगेन्द्र भड़ाना जनसंपर्क अभियान एंव डोर-टू-डोर कार्यक्रम करते रहें हैं जिसकी वजह से वह लगातार लोगों के पंसदीदा नेता बने हुए हैं। इस अवसर पर समाजसेवी जितेंद्र मोर अपने सहयोगियों के साथ कार्यालय उद्घाटन की बधाई देने पहुंचे, उन्होंने कहा कि नगेन्द्र भड़ाना जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी और एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के लिए कार्य कर रहे हैं उसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। उन्होने कहा कि इस बार नगेन्द्र भड़ाना की रिकार्ड वोटों से जीत होगी और एक बार फिर से इस इलाके में विकास की लहर दौडेगी।

# धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजनों से समाज में आती है सुख-समृद्धि : लखन सिंगला

**श्री शिव महापुराण कथा के शुभारंभ में निकाली गई 151 कलशों की भव्य शोभायात्रा**



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद के ऐतिहासिक माता पथवारी मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी सावन माह में वरिष्ठ समाजसेवी अनिल सिंगला द्वारा श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। आज कथा के शुभारंभ अवसर पर माता पथवारी देवी मंदिर में सर्वप्रथम श्री गणेश पूजन का आयोजन किया गया, उसके उपरांत 151 कलशों की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र 89 के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला ने शोभायात्रा में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए भगवान शिव से समाज में सुख-समृद्धि की कामना की। यह कलश यात्रा माता पथवारी मंदिर से ढोल नगाड़ों, बैंड बाजों के साथ आरंभ हुई, जो कि पूरे बाजार की परिक्रमा करते हुए पथवारी मंदिर में सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में बर्फ की सिल्लियों पर रखे भगवान शंकर का शिवलिंग, राधा कृष्ण की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही, जहां-जहां से यह शोभायात्रा गुजरी वहां, वहां शहर के व्यापारियों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करके इसका स्वागत किया और इस धार्मिक अनुष्ठान में अपनी भागेदारी दर्ज करवाई। इस मौके पर कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने कहा कि सावन के महीने में श्री शिव महापुराण कथा के आयोजन से समाज में सुख समृद्धि आती है और सिंगला परिवार वर्षों से इस धार्मिक कार्य को करता आ रहा है और सावन माह में इस तरह के आयोजन से जहां मानसिक शांति मिलती है वहीं भाईचारे की भावना को भी बल मिलता है।

कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी अनिल सिंगला ने बताया कि आज से शुरू हुई श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन चार अगस्त तक होगा। कथा व्यास के रुप में काशी विश्वनाथ के परम श्रद्धेय आचार्य रविन्द्र भारद्वाज जी महाराज अपने मुख से प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से सायं सात बजे तक माता पथवारी मंदिर में कथा का बखान करेंगे। कथा के समापन अवसर पर हवनयज्ञ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह वर्षो से इस तरह के आयोजन करते आ रहे हैं और हर बार इस आयोजन को भव्य और आकर्षण बनाने का प्रयास करते है। श्री सिंगला ने लोगों से आह्वान किया कि वह सावन माह में इस धार्मिक अनुष्ठान में अपनी भागेदारी निभाएं और भगवान शिव की अराधना करें। इस अवसर पर शिवशंकर भारद्वाज, रमेश गोयल, नवल किशोर, नितिन सिंगला, रोहित सिंगला, नेमचंद गर्ग, भारत गर्ग, सुरेंद्र अग्रवाल, कैलाश सिंगला, तरुण सिंगला, दीपक वर्मा, कुंजीलाल बंसल, हिमांशु अग्रवाल सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# प्रदेश की हजारों मिड डे मील वर्कर्स ने अपनी मांगों को लेकर किया आक्रोश प्रदर्शन

**शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा अचानक पहुंची वर्करों के बीच**

**यूनियन के साथ शीघ्र मीटिंग बुलाकर मांगों को हल करने का दिया आश्वासन**



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** मांगों के प्रति सरकार व शिक्षा विभाग की उदासीनता के खिलाफ हजारों मिड डे मील वर्करों ने रविवार को बीके चौक पर एकत्रित होकर आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में राज्य के सभी जिलों से हजारों की संख्या में मिड.डे मील वर्कर्स ने भाग लिया। मजदूर संगठन सीटू से संबंधित मिड.डे मील वर्कर्स ने शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा के आवास का घेराव करने का ऐलान किया हुआ था। यूनियन की राज्य प्रधान सरोज दुजाना की अध्यक्षता में बीके चोक पर मिड-डे मील वर्कर्स शिक्षा मंत्री के आवास के घेराव की तैयारियां कर रही थी। तभी अचानक शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा मिड डे मील वर्कर्स के बीच बीके चौक पर चल रहे आक्रोश प्रदर्शन में पहुंच गई। सीटू की राज्य प्रधान सुरेखा, मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन की महासचिव सरबती ने मंत्री के समक्ष अपनी मांगों को रखा और उन्हें मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा, सीटू के उपाध्यक्ष कामरेड सतवीर सिंह, जनवादी महिला समिति की प्रधान ऊषा सरोहा आदि मौजूद थे। शिक्षा मंत्री ने प्रदर्शनकारी मिड डे मील वर्कर्स को संबोधित करते हुए कहा कि वह वर्कर को दस की बजाय 12 महीने मानदेय देने, रिटायरमेंट पर अन्य स्कीम वर्कर की तरह मिड डे मील वर्करों को भी रिटायरमेंट बेनिफिट देने, सम्मानजनक पेंशन देने, सभी वर्कर्स को सात हजार रुपए मानदेय हर महीने मिलना सुनिश्चित करने आदि कई मांगों को जायज मानती है। उन्होंने कहा कि अगले से अगले सप्ताह में मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन व अधिकारियों की चंडीगढ़ में मीटिंग की बुलाई जाएगी और सभी जायज मांगों का समाधान किया जाएगा।

मिड.डे मील वर्कर्स यूनियन की प्रधान सरोज व महासचिव सरबतीए सीटू की राज्य प्रधान सुरेखा, उप प्रधान सतवीर सिंह अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई इतनी ज्यादा बढ़ चुकी है । लेकिन लंबे समय से वर्कर्स के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नही की है। महंगाई ने कमर तोडकर रख दी है। जिसे लेकर वर्कर्स बेहद नाराज है। इसका खामियाजा लोकसभा चुनावों में भाजपा को भुगतना पड़ा है। यही हाल रहा तो उसका आगामी विधान सभा चुनाव में भी भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। संगठन नेताओं ने कहा कि कहा कि हरियाणा में 30000 के करीब मिड डे मील वर्कर्स हैं,रुजो भारी समस्याओं का सामना कर रही है। सरकार पूरी तरह से सरकारी शिक्षा व्यवस्था को तबाह करने पर उतारू है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करते हुए राज्य में हजारों स्कूल बंद किए जा रहे हैं।

प्रदर्शन को मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन के नेताओं रीना, सत्यवान, गगनदीप, संतोष, कमलेश, मूर्ति, निर्मला, शिमला, आबिद, सुनीता, आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन की प्रधान देविन्द्री शर्मा, सचिव मालवती, कोषाध्यक्ष नवल सिंह, आशा वर्कर यूनियन की राज्य सचिव सुधा, सीटू के पलवल के प्रधान रमेश चंद, पूर्व प्रधान श्रीपाल सिंह भाटी, फरीदाबाद के जिला प्रधान निरंतर पाराशर, सचिव वीरेंद्र डंगवाल, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान देवीराम, सर्व कर्मचारी संघ के यमुनानगर के जिला प्रधान गुलशन भारद्वाज आदि ने भी संबोधित किया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में हुआ नुक्कड नाटक का आयोजन



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 14 में ओपन हाउस नुक्कड नाटक का मंचन किया गया। जागो ग्राहक जागो इस नाटक का टॉपिक रहा, जिसमें कंन्ज्यूमर अवेयरनेस एंड रिस्पॉसिबिलटी जैसे मामलों पर फोकस किया गया। जानकारी के लिए बता दें कि सैक्टर 14 स्थित डीएवी स्कूल में इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं।

# पूर्व मंत्री विपुल गोयल का गांव दौलताबाद में हुआ सम्मान



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** बीती रात गांव दौलताबाद में पूर्व मंत्री विपुल गोयल का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस समारोह में विपुल गोयल को गांव की समस्त बिरादरी ने पगड़ी बांधकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उक्त समारोह के दौरान गांव के लोगों ने अपनी समस्याओं और मांगों को पूर्व मंत्री विपुल गोयल के समक्ष रखा। इस दौरान ग्रामीणों ने विशेष रूप से बारात घर के निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाया जिसपर पर विपुल गोयल ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए आश्वासन दिया कि सरकार में आते ही गांव में एक भव्य दो मंजिला बारात घर का निर्माण कराया जाएगा और जो उनके कार्यकाल के दौरान बारात घर मंजूर हुआ था उस कार्य को पूरा कराया जायेगा। जिसपर समस्त ग्रामीणों ने तालियां बजाकर उनका अभिवादन किया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी ग्रामीणों ने एकजुट होकर विपुल गोयल को आगामी चुनाव में पूर्ण समर्थन देने का वादा किया और गोयल के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे उनके नेतृत्व में गांव के विकास की उम्मीद करते हैं और उनकी जीत के लिए उन्हें अपना आशीर्वाद देते हैं। जिस पर विपुल गोयल ने हाथ जोडकर उनका आभार प्रकट किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि गांव दौलताबाद की जनता का यह प्यार और समर्थन मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि आपके विश्वास को मैं कभी टूटने नहीं दूंगा और आपके गांव के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

इस कार्यक्रम के दौरान प्रधान प्रभु दयाल आरडब्लूए, नरेश नम्बरदार निर्वतमान पार्षद, सुरजीत अधाना, हरबीर चौधरी, सोनू शर्मा, पार्थ पाराशर, ओम प्रकाश पंवार, जितु बाबा, उमेश तंवर, सनी तंवर, गौरव तंवर, समस्त ब्रदरहुद ग्रुप, नंदराम सैन, अजित सैन, संदीप सैन, सौरव सैन, शिवम सैन व अन्य काफी लोग मौजूद थे।

# जनकल्याण समिति द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जन कल्याण समिति फरीदाबाद द्वारा संस्था के चेयरमैन स्व. झांगी राम आहूजा की स्मृति में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन श्री सनातन धर्म सीनियर सेकेंडरी स्कूल 2 सी पार्क में किया गया। तेजिन्दर सिंह मेमोरियल एन्ड एस्कॉर्ट्स मेडिकेयर फाउंडेशन (चेरिटेबल मेडिकल सेंटर) के सहयोग से लगाए गए शिविर में डॉ. एस.के. शर्मा (जनरल फिजिशियन व हड्डी विशेषज्ञ) एवं डा. दीपक कुमार नेत्र विशेषज्ञ ने लोगों के नेत्रों की जांच की। शिविर में पहुंचे रोगियों की बीपी, ब्लड शुगर, आंखे, नाक, कान व गले की पूर्ण जांच की गई तथा जहां जरूरत समझी गई रोगियों को नि:शुल्क दवाई वितरण की गई। इस मौके पर जन कल्याण समिति के प्रधान सोमनाथ ग्रोवर, महासचिव पंकज ग्रोवर, दर्शन कुमार चावला, संयोजक तपस्या मेहरा ने आए हुए सभी अतिथियों का बुक्के देकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जन कल्याण समिति फरीदाबाद रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर सहित अन्य जनहित के कार्य करती है। इस मौके पर मुख्य रूप से टी एस शेखावत अधिवक्ता, भगवान सिंह अधिवक्ता, जिला जीएसटी बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान संदीप सेठी, प्रदीप आहूजा, कंवल आहूजा, रमेश भाटिया प्रधान बन्नू बिरादरी, सुदेश भाटिया महासचिव बन्नू बिरादरी, राजेन्द्र गेरा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## एडिटर की कलम से....

# विपक्ष की अंधश्रद्धा से भाजपा बनी मजबूत

मुस्लिम वोटों के लिए विपक्षी नेता किसी भी हद तक जा सकते हैं। विपक्षी दलों को लगना चाहिए कि हितैषी बनने का दिखावा करने मात्र से मुस्लिम वोटों को बटोरा जा सकता है। इसके बाद इन दलों मे आपस में ही सच्चा हितैषी साबित करने की प्रतिस्पर्धा हो जाती है। वोटों की खातिर मुस्लिमों के प्रति इस अंधश्रद्धा का ही परिणाम है कि इसके प्रतिक्रियास्वरूप भाजपा ने न सिर्फ राष्ट्रीय पर संगठन की मजबूत पकड़ बना ली, बल्कि लगातार तीसरी बार केंद्र में सत्ता में भी आ गई। हालांकि इसमें काफी हद तक केंद्र सरकार के विकास कार्य भी शामिल हैं।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

मुस्लिमों का हितैषी बनने का नया मामला बांग्लादेश का है। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि हिंसा प्रभावित बांग्लादेश के संकटग्रस्त लोगों के लिए पश्चिम बंगाल के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें आश्रय देंगी। आश्चर्य की बात यह है कि यह मुद्दा मुख्यमंत्री ममता के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। यह विदेश मंत्रालय के अधीन आता है। विदेश मंत्रालय केंद्र सरकार के अधीन काम करता है। यह जानते हुए भी ममता ने मुस्लिम वोट बैंक पर पकड़ बनाए रखने के लिए ऐसा बयान दिया। इससे पहले भी ममता बनर्जी सरेआम मुस्लिमों का पक्ष लेती रही हैं। इसके लिए बेशक कानून की मंजूरी हो या नहीं। बर्मा के रोहिंग्या शरणार्थियों का मसला भी केंद्र सरकार के अधीन था। केंद्र सरकार ही तय कर सकती है कि भारत में किसे शरण देनी और किसे नहीं।

रोहिंग्या शरणार्थी संकट पर केंद्र के दृष्टिकोण का विरोध करते हुए ममता ने कहा था कि सभी आम लोग आतंकवादी नहीं हैं और उन्होंने समुदाय का समर्थन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। गौरतलब है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा 40,000 रोहिंग्या शरणार्थियों को निर्वासित करने की योजना बनाई थी। ममता बनर्जी की शह पाकर कई मुस्लिम संगठनों से जुड़े हजारों प्रदर्शनकारियों ने कोलकाता में रैली निकाली और प्रधानमंत्री मोदी की निर्वासन योजना का विरोध किया तथा रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए भारत में आश्रय की मांग की। यह मुद्दा मुस्लिमों के वोट बैंक से जुड़ा हुआ था। इसमें दूसरे विपक्षी दल भी कूद गए। मुस्लिमों के मामले में सभी विपक्षी दलों को लगता है कि कहीं दूसरा दल वोट बैंक का ज्यादा हिस्सा नहीं ले जाए, इसी वजह मुद्दा चाहे राज्यों का हो या फिर केंद्र सरकार से जुड़ा हो, बहती गंगा में हाथ धोने से कोई पीछे नहीं रहना चाहता।

मुस्लिम वोट की खातिर ममता किसी भी हद से गुजरने को तैयार रहती हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के इमाम और मुअज्जिम को लेकर बुलाई कॉन्फ्रेंस पर भी राजनीतिक घमासान छिड़ गया था। विरोधी पार्टियों ने इस कॉन्फ्रेंस के मद्देनजर ममता पर खुलकर तुष्टिकरण और वोट की राजनीति का आरोप लगा दिए। समूचे बंगाल के इमाम और मुअज्जिम इसमें शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में कोलकाता पहुंचे थे। गठबंधन की सहभागी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोलते हुए ममता से मुसलमानों के समग्र विकास के लिए श्वेतपत्र जारी करने की मांग कर दी। कांग्रेस नेता ने मुख्यमंत्री ममता से सवाल पूछते हुए कहा कि ममता बनर्जी को श्वेत पत्र देकर बताना चाहिए कि वक्फ संपत्ति को बेचकर कितने प्रमोटर करोड़पति हो गए और इनमें से कितने आपकी पार्टी के हैं। मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति में ममता बनर्जी कानून को भी ठेंगा दिखाने में पीछे नहीं रही। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस शासन के तहत 2011 से बंगाल में जारी किए गए अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी प्रमाण-पत्रों को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया। इसमें 80 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम समुदाय को इस आरक्षण का फायदा मिल रहा था। न्यायालय के इस निर्णय पर ममता बुरी तरह भड़क गई। उच्च न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीशों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने यहां तक कह डाला था कि एक न्यायाधीश कह रहा है मैं आरएसएस का व्यक्ति हूं, दूसरा भाजपा में शामिल हो गया... आप इस तरह से न्यायाधीश कैसे हो सकते हैं और अदालतों की अध्यक्षता कैसे कर सकते हैं? इतना ही नहीं ममता सरकार को संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हथियाने व राशन घोटाले से जुड़े सभी मामलों में अभियुक्तों को बचाने के लिए पुरजोर पैरवी की।

सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा था कि सरकार किसी शख्स को बचाने की कोशिश क्यों कर रही है। गौरतलब है कि ईडी अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख के यहां छापा मारने गए थे, जहां उन पर हमला किया गया था। ममता बनर्जी ही नहीं मुस्लिम वोट बैंक की खातिर अपराधी, आतंकी और देश विरोधी बयान देने वालों को गले लगाने के लिए राजनीतिक न सिर्फ आतुर रहते हैं बल्कि आपस में प्रतिस्पर्धा भी करते हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी और बहुजन समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान मुस्लिम माफियाओं ओर अपराधियों को भरपूर संरक्षण दिया गया। माफिया अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी की मौत पर सपा अध्यक्ष ने खूब घडियाली आसू बहाए थे। दरअसल भाजपा के बढ़ते प्रभाव के कारण क्षेत्रीय दलों के पास वोट बैंक बनाने के अवसर सीमित हो गए हैं। यही वजह है कि मुस्लिम वोट बैंक में ज्यादा हिस्सा बटोरने के लिए सही-गलत की विवेचना किए बगैर विपक्षी दल मुस्लिमों के समर्थन के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाने से बाज नहीं आते।

## आज का विचार
समाचार गेट



**आतंकवादियों ने सोचा वे मेरा लक्ष्य बदल देंगे और मेरी महत्त्वाकांक्षाओं को दबा देंगे, लेकिन मेरी जिन्दगी में इसके सिवा बदला: कमजोरी, डर और निराशा की मौत हो गयी। शक्ति, सामर्थ्य और साहस का जन्म हो गया। मैं उस लड़की के रूप में याद किया जाना नहीं चाहती जिसे गोली मार दी गयी थी। मैं उस लड़की के रूप में याद किया जाना चाहती हूं जिसने खड़े हो कर सामना किया।**

मलाला युसुफजई

# Google को सब पता है, आपकी हर हरकत पर है नजर, बचने के लिए अपनाएं यह तरीके

हर एक फोन में गूगल मौजूद है। कुछ भी सर्च करना होता है, तो गूगल याद आता है। इसके अलावा गूगल की कई तरह की सर्विस है, जैसे यूट्यूब, जीमेल है। साथ ही गूगल का अपना एंड्रॉइड ऑपरेटिंग सिस्टम है। मतलब गूगल आपके एंड्राइड स्मार्टफोन पर फुल कंट्रोल रखता है। ऐसे में जरूरी है कि आपको मालूम हो कि आखिर गूगल आपके कौन से डेटा का इस्तेमाल कर रहा है। आइए जानते हैं विस्तार...




### प्राइवेसी सेटिंग्स पर दें ध्यान

अपनी गूगल अकाउंट सेटिंग्स को समय-समय पर देखते रहें और अगर कुछ भी गलत समझ आएं, तो उसकी परमिशन को बंद कर दें या फिर गूगल को रिपोर्ट करें। इसमें लोकेशन हिस्ट्री, ऐड पर्सनलाइजेशन, और डेटा शेयरिंग शामिल है।

### इनकॉग्निटो मोड का करें यूज

अगर आप नहीं चाहते हैं कि गूगल आपकी सर्च हिस्ट्री और कुकीज को यूज न करें, तो इसके लिए आपको गूगल के इनकॉग्निटो मोड का यूज करना चाहिए।

### कुकीज को करें मैनेज

डेटा कलेक्शन को रोकने के लिए कुकी सेटिंग्स को कंट्रोल करें। थर्ड-पार्टी कुकीज को ब्लॉक कर सकते हैं।

### ऐसे गूगल क्रोम की कुकीज करें ब्लॉक

गगूल क्रोम ब्राउजर ओपन करें इसके बाद टॉप राइट कॉर्नर में मेन्यू आइकन पर टैप करें। इसके बाद सेटिंग ऑप्शन में जाएं। या फिर chrome://settings को सर्च करें।

अब Privacy and Security ऑप्शन पर टैप करें।

इसके बाद अब Privacy and Security ऑप्शन पर टैप करें।

इसके बाद Cookies और अन्य साइट डेटा पर क्लिक करें।

इसके नीचे 'General settings' होगीं, जहां से Cookies को ब्लॉक किया जा सकता है।

इसके नीचे 'General settings' होगीं, जहां से Cookies को ब्लॉक किया जा सकता है।

### गैरजरूरी लॉगिन न करें

वेबसाइट्स पर साइन इन करने के लिए सोशल मीडिया या गूगल अकाउंट का यूज करने से बेवजह आपका डेटा दूसरे लोगों तक पहुंच सकता है। ऐसे में बिना जरूरत के गूगल और सोशल मीडिया से लॉगिन नहीं करना चाहिए।

### VPN का करें यूज

एक वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क आपके इंटरनेट कनेक्शन को एन्क्रिप्ट करता है, जिससे ट्रैकर्स के लिए आपकी एक्टिविटी पर नजर नहीं रख पाता है।

### ऐड ब्लॉकर लगाएं

यह एक तरह का एक्सटेंशन है। इसके इस्तेमाल से गैरजरूरी ऐड को रोक सकते हैं और ट्रैकिंग को कम कर सकते हैं।

### लोकेशन शेयरिंग में बरतें

सावधान लोकेशन एक्सेस का मंगाने वाले ऐप्स के रिव्यू को पढ़ें। साथ ही लोकेशन शेयर करने से पहले एक बार जरूर सोचना चाहिए। वही ऐप इस्तेमाल के बाद लोकेशन शेयर को बंद कर देना चाहिए।

# ITR फाइल में कर दी है गलती? चिंता न करें, रिवाइज्ड रिटर्न भर दें, जानें पूरी डिटेल




**नई दिल्ली।** इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने से पहले जारी जानकारी लेना जरूरी है। आज के समय सैलरीड क्लास के ज्यादातर लोग खुद ही आईटीआर फाइल करते हैं। इनकम टैक्स विभाग की तरफ से समय-समय पर सूचना आती रहती है कि रिटर्न फाइल करने से पहले फॉर्म 16, फॉर्म 26ऐएस, आइएस आदि को अच्छे से चेक कर लें। इसके बाद ही रिटर्न फाइल करें। काफी सावधानियों के बाद भी कई बार गलती हो जाती है। ऐसे में इनकम टैक्स विभाग का नोटिस आता है। यह नोटिस आईटीआर फाइल करने के अमूमन एक महीने में आ जाता है। तब तक कई बार रिटर्न फाइल करने की तारीख निकल चुकी होती है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही हुआ है तो चिंता न करें।

### रिवाइज्ड रिटर्न फाइल कर दें।

आईटीआर फाइल करने और रिवाइज्ड आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख अलग-अलग होती है। इस बार आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई है। वहीं रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर है। ऐसे में सबसे पहले इस बात को लेकर चिंता न करें कि रिटर्न फाइल करने की तारीख निकल गई है या नजदीक आ रही है। आप 31 दिसंबर तक रिवाइज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं। जब भी हम रिटर्न फाइल करते हैं तो इसे चेक किया जाता है। सब कुछ सही है तो प्रोसेस पूरा हो जाता है।

### भेजा जाता है नोटिस

रिटर्न फाइल करते समय कई गलतियां हो जाती हैं। जैसे बैंक अकाउंट नंबर गलत दर्ज करना, अनुचित कटौती का दावा करना या गलत तरीके से ब्याज आय घोषित करना आदि। आपके द्वारा फाइल की गई रिटर्न को चेक करने के बाद जब यह चीज पकड़ में आती है तो इस बारे में एक नोटिस भेजा जाता है। यह रजिस्टर्ड ईमेल पर आता है। इसमें लिखा होता है कि जो रिटर्न भरा गया है, उसमें कहां और क्या गलती है। इसके बाद पूरी और सही जानकारी के साथ फिर से रिटर्न फाइल करना पड़ता है। इसी को रिवाइज्ड रिटर्न कहते हैं।

### नहीं है कोई लेट फीस या जुमार्ना

रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर है। आप 31 दिसंबर तक कितनी भी बार रिवाइज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं। याद रखें कि आपको हर बार रिवाइज्ड रिटर्न दाखिल करते समय मूल आईटीआर का विस्तृत विवरण देना होगा।

रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने पर कोई लेट फीस या जुमार्ना नहीं है। यहां ध्यान रखें कि रिटर्न फाइल करने के बाद आपको खुद से भी गलती पता चल गई है तो इनकम टैक्स विभाग के नोटिस से पहले भी आप रिवाइज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं।

# अश्वगंधा: शरीर के हर हिस्से को चमकाएगी ये आयुर्वेदिक जड़ी

हम अपने चेहरे के साथ-साथ पूरे शरीर को साफ और ग्लोइंग बनाना चाहते हैं, जिसके लिए आज मार्केट में तरह-तरह के बाथिंग सोप, जेल और बॉडी वॉस उपलब्ध हैं। लेकिन इन केमिकल वाले प्रॉडक्ट के अवाला अगर हम कहें कि आप नेचुरल तरीके से अपने चेहरे और शरीर को चमका सकते हैं तो?

जी हां, आज हम आपको इस लेख में एक ऐसी आयुर्वेदिक जड़ी बूटी के बारे में बताने वाले हैं, जिसका इस्तेमाल सदियों से किया जाता आ रहा है और ये हमारी सेहत, त्वचा और शरीर के हर एक हिस्से के लिए फायदेमंद है। कौन सी है वो जड़ी बूटी और किस तरह आप उसका इस्तेमाल कर सकते हैं, आइए आपको बताते हैं।



**अश्वगंधा को एक चमत्कारी जड़ी बूटी माना जाता है, जिसका प्राचीन समय से कई बीमारियों के इलाज के लिए उपयोग किया जा रहा है। अश्वगंधा में कई औषधीय गुण होते हैं जो शरीर को अंदर से मजबूत बनाते हैं। साथ ही ये त्वचा के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है**

### अश्वगंधा है वो खास आयुर्वेदिक जड़ी बूटी

अश्वगंधा को एक चमत्कारी जड़ी बूटी माना जाता है, जिसका प्राचीन समय से कई बीमारियों के इलाज के लिए उपयोग किया जा रहा है। अश्वगंधा में कई औषधीय गुण होते हैं जो शरीर को अंदर से मजबूत बनाते हैं। साथ ही ये त्वचा के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है।



अश्वगंधा जिसे कहीं-कहीं भारतीय जिनसेंग के नाम से भी जाना जाता है। ये एक छोटी झाड़ी होती है जिसकी जड़ों का उपयोग औषधीय के रूप में किया जाता है, जिसमें कई प्रकार के पोषक तत्व होते हैं जैसे कि विटामिन, खनिज, एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण आदि। स्किन के लिए क्या फायदे हैं इसके, आइए जानते हैं।

### चेहरे के लिए अश्वगंधा के फायदे

अश्वगंधा का उपयोग स्किन ये जुड़ी कई तरह की समस्याओं को कम करने के लिए किया जाता है। जड़ी बूटी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाते हैं। इस जड़ी बूटी में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो मुहांसे पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ते हैं, डेड स्किन सेल्स को रिमूव कर दाग-धब्बों को कम करते हैं।

साथ ही इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और एंटी एजिंग गुण त्वचा को मुक्त कणों के नुकसान से बचाने और झुर्रियों को कम करने में मदद करते हैं और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण चेहरे की सूजन को कम करते हैं।

### कैसे करें अश्वगंधा का इस्तेमाल

आपको बाजार में अश्वगंधा कई रूपों में मिल जाएंगा जैसे कि पाउडर, कैप्सूल, चाय और तेल के रूप में। इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि वैसे तो अश्वगंधा आम तौर पर सुरक्षित ही होता है लेकिन कुछ लोगों को इससे एलर्जी हो सकती है। साथ ही गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं और कुछ दवाएं लेने वाले लोगों को इसका इस्तेमाल करने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

# आंतों में फंसा बैक्टीरिया डाल रहा है आपके चेहरे पर दुष्प्रभाव



हर डॉक्टर और स्किन स्पेशलिस्ट का ये कहना होता है कि अगर आप हेल्दी स्किन चाहते हैं तो अपने खानपान को सुधारें और बाहर की तली चीजों को खाना छोड़ दें। वो ऐसा क्यों कहते हैं? ऐसा इसलिए है क्योंकि हम जो खाते हैं, उसका सीधा असर हमारी स्किन पर भी पड़ता है। यही कारण है कि हमारे चेहरे पर हर हफ्ते पिंपल्स दिखने लगते हैं।

इसका कारण हैं हमारे गट यानी की आंतों में रहने वाले अरबों बैक्टीरिया, जिन्हें आंतों का माइक्रोबायोम कहा जाता है। ये हमारे शरीर के कई कामों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसमें हमारी स्किन को हेल्दी रखने का काम भी शामिल है। लेकिन अगर ये ठीक से काम नहीं करेंगे तो इसकी सीधा असर हमारी स्किन पर पडेगा। इसलिए आपका ये जानना बहुत जरूरी है कि स्किन को हेल्दी रखने के लिए गट को ठीक रखना बहुत जरूरी है।

### आंतों का माइक्रोबायोम क्या है?

बता दें कि माइक्रोबायोम हमारे शरीर में रहने वाले बैक्टीरिया की कई प्रजातियों का समूह होता है, जो पाचन में मदद करने के साथ-साथ शरीर के लिए हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने और इम्यून सिस्टम को कंट्रोल करने में मदद करता है। एक स्वस्थ और बेहतर माइक्रोबायोम मोटापे, दिल से जुड़ी बीमारियों और कैंसर के जोखिम को कम करने में सहायक हो सकता है।

### माइक्रोबायोम और स्किन का संबंध

आंत यानी कि इंटेस्टाइन और त्वचा के बीच एक गहरा संबंध होता है, जिसे आंत-त्वचा एक्सिस और





अंग्रेजी में **Gut-Skin Axis** कहा जाता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अनुसार माइक्रोबायोम स्किन डिसऑर्डर में अहम भूमिका निभाते हैं। माइक्रोबायोम इम्यून सिस्टम के लिए जरूरी है क्योंकि इसका उद्देश्य बिडायरेक्शनल यानी की दोनों दिशाओं से टिशू और ऑर्गन से संपर्क कर होमोस्टेसिस को मेंटेन करना है।

इसलिए स्किन और डट में डिस्बिओसिस इम्यून सिस्टम से जुड़ा हुआ है। जो त्वचा रोगों, जैसे एटोपिक डर्मेटाइटिस, सोरायसिस, एक्ने वल्गेरिस, रूसी और यहां तक कि स्किन कैंसर के विकास को बढ़ावा देता है। सीधे शब्दों में कहें तो आप क्या खा रहे हैं इसका सीधा असर स्किन पर पड़ रहा है।

### बैक्टीरिया से स्किन की देखभाल कैसे करें

अगर आपके चेहरे पर एक्ने, पिंपल्स और अन्य स्किन प्रॉब्लम हो रही हैं तो इसका मतलब हो सकता है कि आपका इम्यून सिस्टम खराब हो गया है और आंतों में बेड बैक्टीरिया बढ़ गए हैं। उन्हें कम करने का सीधा तरीका है गुड कार्बोहाइड्रेट को बढ़ाना। ऐसे में हमारा पहला सुझाव होगा कि आप सबसे पहले तो आप डॉक्टर के पास जाएं और अपनी समस्या का सही इलाज कराएं।

### इन कार्बोहाइड्रेट रिच चीजों का सेवन करें

जब आप कार्बोहाइड्रेट का सेवन करते हैं तो ये आपके इंटेस्टाइन में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाता है, जो बैड बैक्टीरिया से लड़ते हैं। इसलिए अपनी डाइट में राजमा, फली, बाजरा, ज्वार और हाई फाइबर वाली चीजों को डाइट में शामिल करें। इससे आपका इम्यून सिस्टम सुधरेगा जिसका असर आपकी स्किन पर पड़ेगा और चेहरे की हर समस्या से छुटकारा मिलेगा।

### आहार में जोड़ें फाइबर वाली चीजें

हमारे शरीर में जमा गंदगी स्किन से पिंपल्स के रूप में बाहर आती है, जिसे साफ करने के लिए जरूरी है कि फाइबर रिच फूड खाया जाए। इसलिए आप फलों और सब्जियों का अधिक सेवन करें और भरपूर सलाद खाएं।

एक्सपर्ट का कहना है कि अगर आप अधिक मात्रा में फल-सब्जियां नहीं खा पा रहे हैं, तो कुछ जरूरत पूरा करने के लिए एक चम्मच इसबगोल लें, इसे पानी में मिलाएं और पी लें। ये अच्छे बैक्टीरिया बढ़ाने में मदद करता है।



# मैं अपने लिए तैयार होती हूं

सिनेमा के कई सितारों को एयरपोर्ट पर अच्छा दिखने के दबाव का सामना करना पड़ता है। इसके पीछे का कारण सोशल मीडिया पर आलोचना और पैपराजी का बढ़ता दखल है। हालांकि, कुछ अभिनेत्रियां हैं, जो इसे लेकर बिल्कुल भी चिंतित नहीं हैं। उनमें से एक नाम है वामिका गब्बी। वह इन सभी चीजों को लेकर एक अलग विचार रखती हैं। एयरपोर्ट-लुक को लेकर उन्होंने अपने विचार भी साझा किए हैं। वामिका ने बातचीत में बताया कि वह एयरपोर्ट-लुक का दबाव बिल्कुल भी नहीं लेती। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं एयरपोर्ट-लुक का दबाव नहीं लेती। मैं अपने लिए तैयार होती हूं। पहले मुझे लगता था कि अच्छे कपड़े केवल अच्छे दिनों के लिए होते हैं, लेकिन जिंदगी बहुत छोटी है। मैं अपने लिए तैयार होती हूं। अगर मैं चाहूं तो हर दिन तैयार हो सकती हूं। ऐसा कोई दबाव नहीं है, किसी को भी दबाव नहीं लेना चाहिए। यह बकवास है।'

'इंडिया कॉउचर वीक 2024' में किया वॉक
आपको बता दें कि बुधवार को वामिका ने दिल्ली के ताज पैलेस में 'इंडिया कॉउचर वीक 2024' के पहले दिन मशहूर डिजाइनर अबू जानी और संदीप खोसला के लिए शोस्टॉपर के रूप में वॉक किया। वामिका ने शो की शुरुआत बॉटनिकल ब्लूम लाइन के आइवरी ट्रेल लहंगे में की, जिसमें आइवरी सिल्क धागे के साथ रेशम की कढ़ाई की गई थी, जिसे मोतियों और क्रिस्टल से हाईलाइट किया गया था। वहीं, उन्होंने ब्राइडल गोटा कलेक्शन के लाल लहंगे में शाही दुल्हन के रूप में शो का समापन किया, जिसे गोटा और जरदोजी से हस्तनिर्मित किया गया था और क्रिस्टल से सजाया गया था।


## अपने पहले रैंप वॉक पर क्या कहा वमिका ने?

दिलचस्प बात यह है कि इस शो के साथ वामिका ने रनवे पर अपनी शुरुआत की है। अपने पहले रैंप वॉक पर, वामिका ने कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरा पहला रैंप वॉक अबू जानी और संदीप खोसला के लिए होगा। यह एक सपने जैसा था। रैंप पर उतरने से पहले मैं डरी हुई थी, लेकिन एक बार जब मैं मंच पर आई तो सब ठीक हो गया।' वामिका के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह वरुण धवन के साथ बेबी जॉन में नजर आएंगी। फिल्म दिसंबर 2024 में रिलीज होने वाली है।



# राम चरण के अलावा रणवीर सिंह के साथ भी धमाल मचाएंगी कियारा आडवाणी

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी अपने प्रशंसकों के बीच बेहद प्रसिद्ध हैं। इन दिनों कियारा अपनी आगामी फिल्मों की शूटिंग में लगातार व्यस्त हैं। कियारा की कई फिल्में इस साल तो कुछ अगले साल रिलीज होनी हैं, जिसमें डॉन 3, से लेकर वॉर 2 और गेम चेंजर शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कियारा आडवाणी वॉर 2 में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ नजर आएंगी। हाल ही में कियारा आडवाणी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जो कि वाईआरएफ स्टूडियो का था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कियारा फिल्म वॉर 2 की शूटिंग जल्द ही शुरू करेंगी। अब बात करते हैं निर्देशक फरहान अख्तर की आगामी फिल्म डॉन 3 की। इस फिल्म में रणवीर सिंह डॉन के किरदार से धमाल मचाते नजर आएंगे। तो वहीं मीडिया रिपोर्ट्स से मिली जानकारी के अनुसार इस फिल्म में अब कियारा आडवाणी की एंट्री भी हो गई है। इस फिल्म में कियारा अभिनेता रणवीर सिंह के साथ एक्शन करती नजर आएंगी। फिल्म गेम चेंजर एक आगामी भारतीय तेलुगु राजनीतिक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन एस. शंकर ने किया है। इसका निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस ने किया है। फिल्म में राम चरण ने ट्रिपल भूमिकाएं निभाई हैं, जिसमें कियारा आडवाणी, अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत, जयराम, समुथिरकानी और नासर जैसे कलाकार शामिल हैं। हो सकता है कि यह फिल्म इस साल दिसंबर में रिलीज हो। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 में कियारा नजर आ सकती हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी के होने की बात सामने आई है। हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 इस साल 31 अक्टूबर को रिलीज हो सकती है। कियारा के फैंस उनकी हर एक फिल्म का बेसब्री से इंतजार करते हैं।



# ऑन स्क्रीन किस करना कभी बुरा नहीं लगा, यह मेरा काम है

फिल्म इंडस्ट्री में हर बड़े अभिनेता की कोई न कोई छवि बन ही जाती है। कोई एक्शन फिल्मों से जाना जाता है तो कोई कॉमेडी के लिए तो कोई रोमांटिक किरदार करने के लिए, लेकिन इमरान हाशमी की छवि सबसे अलग रही है। उन्हें सीरियल किसर का टैग मिला था, क्योंकि अपने करियर की शुरुआती कई फिल्मों में उन्होंने किसिंग सीन किए थे। हाल ही में, इमरान ने फिल्मों में अपने किसिंग सीन को लेकर कई दिलचस्प बातें साझा की। मर्डर और आशिक बनाया आपने समेत कई फिल्मों में किस सीन देने वाले इमरान हाशमी ने एनडीटीवी को एक साक्षात्कार दिया। उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें ऑन स्क्रीन किस करने से नफरत है। इमरान ने अपना जवाब नहीं में देते हुए कहा कि उन्हें कभी भी ऐसा करने से नफरत नहीं हुई, क्योंकि यह महज उनका काम है। इमरान से यह भी पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी ऑन स्क्रीन किस करने का आनंद लिया है। इस सवाल का जवाब इमरान ने हां में दिया। हालांकि, उन्होंने अभिनेत्री का नाम नहीं बताया। साल 2014 में इमरान हाशमी करण जौहर के शो कॉफी विद करण में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने बताया था कि वो किस सीन के बदले अपनी पत्नी परवीन को खरीददारी कराते थे और वो शायद सात अंकों के बिल वाली शॉपिंग करती हैं। इमरान से उनके इस बयान को लेकर भी एक सवाल पूछा गया कि क्या वो अभी भी पत्नी को किसिंग सीन के बदले हैंडबैग खरीदवाते हैं। इस पर इमरान हाशमी ने कहा कि अब यह पुरानी बात हो चुकी है। अब ऐसा नियम नहीं है। आजकल हैंडबैग की कीमत कितनी है, आप जानते ही हैं।




# पास होते हुए भी दूर प्रियंका चाहर और जस्सी गिल, 30 जुलाई को रिलीज होगा फियर ऑफ लव

उड़ारियां और बिग बॉस 15 फेम प्रियंका चाहर चौधरी अपने अपकमिंग म्यूजिक वीडियो फियर ऑफ लव को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। इस गाने में उनके साथ पंजाबी सिंगर व एक्टर जस्सी गिल नजर आएंगे। इस गाने को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है, यह गाना 30 जुलाई को रिलीज होगा। फियर ऑफ लव के टाइटल ट्रैक का पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट का ऐलान किया गया। पोस्टर में प्रियंका और जस्सी एक सोफे पर बैठे नजर आ रहे हैं। उनके चेहरे के एक्सप्रेशन को देख ऐसा लग रहा है कि दोनों के रिश्तों में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पोस्टर में उनके बीच की दूरी का अंदाजा साफ लगाया जा सकता है। लुक की बात करें तो प्रियंका ऑल ब्लैक लुक में हैं। उन्होंने ब्लैक पैंट, ब्लैक क्रॉप टॉप के ऊपर ब्लैक जैकेट पहनी है। साथ ही नाममात्र के मेकअप संग बालों को खुला छोड़ा है। वहीं जस्सी ने ब्लैक पैंट के साथ प्रिंटेड हाफ स्लीव्स शर्ट पहनी है। फियर ऑफ लव को जस्सी गिल और श्रद्धा पात्रे ने गाया है। वहीं इसके लिरिक्स प्रिंस ने लिखे हैं और संगीत टर्बो म्यूजिक का है। वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रियंका को हाल ही में म्यूजिक वीडियो बार-बार में देखा गया। इस गाने में वो एक्टर अंकित गुप्ता संग रोमांस करती दिखीं। यह गाना अब यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है। मॉडल के तौर पर करियर शुरू करने वाली प्रियंका ने गठबंधन सीरियल से छोटे पर्दे पर डेब्यू किया। वह ये हैं चाहतें, परिणीति और अन्य टीवी शोज का भी हिस्सा रहीं, लेकिन स्टारडम उड़ारियां से मिली। इसमें उन्होंने तेजो सिंह विर्क की भूमिका निभाई। इसके बाद वह रियलिटी शो बिग बॉस 16 में नजर आईं। वहीं जस्सी गिल के करियर पर नजर डालें, तो उन्होंने म्यूजिक की दुनिया में काफी स्ट्रगल किया। एल्बम बैचमेट, चूड़ियां, विगरे शराबी, लांसर, प्यार मेरा, नखरे, बापू जमींदार, ओए होए, निकले करंट, सुरमा काला, गबरू समेत उनके कई गाने हिट रहे। उन्होंने कई पंजाबी फिल्मों में बतौर एक्टर काम भी किया है। जिसमें मिस्टर एंड मिसेज 420, क्या मेरी सोनम गुप्ता बेवफा है, द ब्लैक प्रिंस, फुफड़ जी, चन्नों कमली यार दी, लावा फेरे जैसी फिल्में शामिल हैं।



# बड़ी कमर्शियल फिल्में नहीं करतीं जान्हवी कपूर

जान्हवी अपनी आगामी फिल्म उलझ के प्रमोशन में लगातार व्यस्त हैं। जान्हवी के फिल्म करियर पर एक नजर डाले तो उलझ, मिली और गुडलक जेरी जैसी कम व्यावसायिक फिल्में ज्यादा देखने को मिलेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जान्हवी ने अपनी फिल्मों को लेकर कहा कि उन्हें इस तरह के आसान प्रोजेक्ट अपनाने और एक बड़ी व्यावसायिक फिल्म करने से ज्यादा संतोषजनक लगते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान जान्हवी ने कहा, मैं बहुत ही आसान सफर चुन सकती थी। मैं इस फिल्म की जगह या मेरे पिछले कुछ फिल्मों की जगह, मैं बड़ी कमर्शियल फिल्में कर सकती थी, जहां ग्लैमर होता जिसकी वजह से आसानी से पॉपुलैरिटी पाई जा सकती है। यहां तक की जिसमें बॉक्स ऑफिस का नंबर भी गारंटीड होता है, यानी की सफलता तय होती है। वो बहुत आसान जर्नी है, लेकिन जैसी फिल्में मैं करती हूं उसमें बहुत जोखिम है। मैंने जो प्रोजेक्ट किए हैं, उनके बजाय मैं एक ग्लैमरस भूमिका कर सकती थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जान्हवी ने आगे कहा, अगर हम बॉक्स ऑफिस को देखें तो मैंने हमेशा से ही जोखिम वाली फिल्में चुनी हैं, जो कि साधारण होने की वजह से हिट होने की तुलना में अधिक असफल फिल्में रही हैं। लेकिन मुझे लगता है कि एक कलाकार के रूप में मेरा विकास अधिक संतोषजनक सफर रहा है। फिल्म उलझ में जान्हवी कपूर ने सुहाना का किरदार निभाया है, जो लंदन दूतावास में अपने महत्वपूर्ण कार्य के दौरान एक विश्वासघाती इंसान की साजिश में उलझ जाती है। सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित उनकी आगामी फिल्म उलझ में गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, आदिल हुसैन, राजेंद्र गुप्ता, राजेश तैलंग, मेयांग चांग और जितेंद्र जोशी जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 2 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।



# 3 दशक बाद संजय-रवीना फिल्म घुड़चढ़ी में एक साथ आएंगे

संजय दत्त और एक्ट्रेस रवीना टंडन की आने वाली फिल्म 'घुड़चढ़ी' का हाल ही पोस्टर जारी किया गया था। इसे देखने के बाद फैंस में उत्सुकता बढ़ गई थी। अब मेकर्स ने बुधवार 24 जुलाई को इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया। यह मूवी एक रोमांटिक ड्रामा है। इसमें पार्थ समथान और खुशाली कुमार की भी अहम भूमिका है। फिल्म को सिनेमाघरों के बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जा रहा है। यह जियो सिनेमा पर 9 अगस्त से स्ट्रीम होगी। ट्रेलर की शुरुआत पार्थ के किरदार 'चिराग' से होती है, जो खुद को इंट्रोड्यूस कराते हैं। फिर 'चिराग' की दादी (अरुणा ईरानी), पोते की शादी की इच्छा जाहिर करती हैं। पार्थ दादी से कहते हैं कि जिसके हाथ में डोर बांधी होगी, वह खुद चलकर आएगी। और फिर खुशाली की स्टाइलिश अवतार में धांसू एंट्री होती है। पार्थ और खुशाली की लव स्टोरी का एंगल यहीं से शुरू होता है। संजय और रवीना, पार्थ और खुशाली के पैरेंट्स का रोल कर रहे हैं। उन दोनों की मुलाकात होती है, तो वे भी प्यार में पड़ जाते हैं। यहीं से फिल्म में कॉमेडी का तड़का लग जाता है। बिनॉय ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, वहीं फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। बिनॉय इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में बतौर डायरेक्टर अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, निधि दत्त और बिनॉय इस फिल्म के निर्माता हैं। संजय दत्त और रवीना टंडन इससे पहले जीना मरना तेरे संग, जमाने से क्या डरना, विजेता और जंग जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। फिल्म से चॉकलेटी बॉय पार्थ डेब्यू कर रहे हैं। पार्थ को टीवी का हार्टथ्रोब माना जाता है।



# एक दिन मुझे शाहरुख खान के साथ काम करने का मौका मिलेगा

राघव जुयाल इस समय अपने करियर की बुलंदियों पर हैं, क्योंकि उनकी हालिया रिलीज धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म किल को बहुत पसंद किया जा रहा है, खास तौर पर एक्शन प्रेमियों से। इस फिल्म में उन्होंने एक क्रूर खलनायक की भूमिका निभाई थी, जिसमें लक्ष्य मुख्य भूमिका में थे। अब जुयाल अपने अगले प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जिसका नाम है ग्यारह ग्यारह, जिसमें उनके साथ कृतिका कामरा और धैर्य करवा हैं। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर शाहरुख खान के साथ काम करने के अपने लंबे समय के सपने को साकार करते नजर आए। गलियारों में बहती हवाओं का कहना है कि राघव जुयाल जल्द ही शाहरुख खान के साथ काम करते नजर आने वाले हैं। उनकी न सिर्फ शाहरुख खान अपितु कई और बड़े सितारों के साथ काम करने की अफवाहें जोर पकड़ रही हैं। इस बारे में बात करने पर राघव ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि एक दिन मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिलेगा। मैं वास्तव में चाहता हूं कि मैं उनके साथ कुछ काम कर सकूं। हालांकि अभी तक ऐसा कुछ भी नहीं है। उनके मौजूदा शो ग्यारह ग्यारह की बात करें तो यह एक फैंटेसी थ्रिलर सीरीज है जो लोकप्रिय कोरियाई शो सिग्नल का आधिकारिक रीमेक है।

